# प्रमुख घटनाएं और उपलब्धियां

(अगस्त,2020)

*****

1. फ्लैगशिप कार्यक्रम के तहत प्रगति:

- **आयुष्मान भारत स्वास्थ्य तथा आरोग्य केन्द्र**: कुल 1,04,000 आयुष्मान भारत- स्वास्थ्य तथा आरोग्य केन्द्रों (एचडब्ल्यूसी) की मंजूरी दी गई। इसमें से, वित्तीय वर्ष 2020-21 के70,000 के लभ्य की तुलना में 31 अगस्त, 2020 तक 44,687 स्वास्थ्य तथा आरोग्य केन्द्र परिचालित हो चुके हैं।
- अगस्त, 2020 में **आयुष्मानभारत- प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना** के तहत प्रगति निम्नवत है-

| **मैट्रिक** | **01.08.2020 तक** | **01.09.2020 तक** | **प्रगति** |
|---|---|---|---|
| जारी किए गए ई-कार्ड * | 7,87,05,931 | 7,87,53,622 | 47,691 |
| अस्तपाल में दाखिल | 1,14,90,834 | 1,20,51,047 | 5,60,213 |
| अस्पताल में दाखिल कराने हेतु प्राधिकृत राशि | 149549000 | 154424000 | 4875000 |
| पैनलबद्ध अस्पताल | 22,964 | 23,296 | 332 |
| नोट: *उपरोक्त सूचना राज्य योजनाओं के साथ पीएमजेएवाई के तहत लाभान्वित लाभार्थियों से संबंधित है। राज्यो द्वारा उनकी आईटी प्रणाली का प्रयोग करते हुए पीएमजेएवाई लाभार्थियों हेतु अतिरिक्त 4.68 करोड़ राज्य कार्ड बनाए गए।* | | | |

2. राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी):

- केन्द्रीय क्षयरोग प्रभाग की अध्यक्षता में दिनांक 17 अगस्त, 2020 को भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा 3 वर्षीय अखिल भारतयी क्षयरोग मुक्त कार्यशाला अभियानों को आरम्भ किया गया ताकि व्यवसाय नेतृत्व को शामिल करके उद्योग जनग की कार्रवाई को उत्प्रेरित किया जाए तथा क्षयरोग हेतु उद्योग जगत की प्रतिक्रिया के अभिसरण हेतु मंच प्रदान किया जाए।
- चिकित्सा अधिकारियों हेतु डिजिटल मंच पर पीएमडीटी मॉड्युल पर प्रोग्रामटिक मैनेजमेंट ऑफ ड्रग रेजिस्टेंट क्षयरोग (पीएमडीटी) ई-प्रशिक्षण मॉड्युल पायलट की शुरूआत की गई।
- दिनांक 18 अगस्त, 2020 को आयोजित संयुक्त निगरानी समूह की बैठक में बायो-डारेक्शनल टीबी-कोविड-19 जाँच तथा क्षयरोग जाँच तथा आईएलआई/एसएआरआई मामलों से संबंधित दिखानिर्देशों को मंजूरी दी गई।
- क्षय रोग परियोजना के उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विश्व बैंक सत्यापन के भाग के रूप में केन्द्रीय क्षयरोग प्रभाग के समन्वय से स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा 25 जिलों की प्रयोगशालाओं के क्षेत्र दौरे द्वारा तथा 9 राज्यों में 30,000 रोगियो का साक्षात्कार किया गया।

3. कोविड-19

- मंत्रिमंडल सचिवालय, भारत सरकार के दिनांक 07.08.2020 के आदेश सं. 2721211312020-सीए.III. के द्वारा नेशनल एक्सपर्ट ग्रुप ऑन वैक्सीन एडमिनिस्ट्रेशन फॉर कोविड-19 का गठन किया गया है।

- कोविड-19 वैक्सीन की वास्तविक निगरानी हेतु मौजुदा इलैक्ट्रानिक वैक्सीन इन्लीजेन्ट नेटवर्क (ईवीआईएन) को अपनाने तथा संवर्धन" हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा एमईआईटीवाई अधिकारियों की दिनांक 14,15,16 अगस्त, 2020 को बैठकें हुई।

## 4. राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (नाको)

- वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के चरण IV के तहत उपलब्धियाँ:-

| संकेतक | 2020-21 | |
|---|---|---|
| | लक्ष्य | उपलब्धियाँ (जुलाई, 2020) |
| राष्ट्रीय नवाचार के अनुसार प्रबंधित एसटीआई/आरटीआई रोगियों की संख्या | 100.16 लाख | 11.89 लाख |
| नाको द्वारा समर्थित रक्त बैंक द्वारा एकत्रित रक्त यूनिट की संख्या | 85.00 लाख | 16.18 लाख |
| मुख्य धारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या | 1.72 लाख | 1,443 |
| सामान्य रोगियों की संख्या जिनकी एचआईवी जांच की गई | 252.00 लाख | 36.9 लाख |
| गर्भवती महिलाओं की संख्या जिनकी एचआईवी जाँच की गई | 252.00 लाख | 57.0 लाख |
| 6क. जीवन पर्यन्त एआरटी आरम्भ कराने वाली गर्भवती महिलाओं की प्रतिशतता | 95% | 91.5% |
| 6ख. एआरवी प्रोफीलेक्सिस आरम्भ करने वाले बच्चों की प्रतिशतता | 90% | 87% |
| रेफरल मामों में एचआईवी-क्षय रोग की संख्या | 37 लाख | 6 लाख |
| एआरटी पर पीएलएचआईवी की संख्या (संचित)* | 16.80 लाख | 14.65 लाख |
| उपचार किए गए अवसरवादी संक्रमितों की संख्या | 3.5 लाख | 38,275 |
| आयोजित वायरल लोड परिक्षण की संख्या | 8.00 लाख | 65,576 |
| निःशुल्क बांटे गए कंडोम की संख्या (मदों में) | 33.5 करोड़ | 2.85 करोड़ |

* निजी क्षेत्र में एआरटी पर 1.06 लाख पीएलएचआईवी सहित

## 5. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण

- 6 गुणवत्ता मानदंडों पर योजना के तहत पैनलबद्ध स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता की रैंकिंग हेतु स्टार रेटिंग की शुरुआत की गई।
- सभी प्रकार के निर्णय निर्माण तथा नकली पतों पर ईएचसीपी के समर्थन के दुरुपयोग पर 30 स्वास्थ्य पैकेजं हेतु मानक उपचार दिशा-निर्देश (एसटीजी) की शुरूआत की गई।
- नकली पते के मामलों में 'नेमिंग तथा शेमिंग' नीति की शुरूआत करना।

## 6. विधायी उपाय तथा विनयमन:

- केन्द्र सरकार कर्मचारी तथा पेंशनभोगी स्वास्थ्य बीमा योजना (सीजीईपीएचआईएस) के संबंध में ईएफसी ज्ञापन को अंतिम रूप दिया गया तथा मूल्यांकन हेतु व्यय विभाग को भेजा गया।

7. **मुख्य आयोजन:**

- माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार द्वारा राजस्थान के माननीय मुख्य मंत्री द्वारा दिनांक 24.08.2020 को राजस्थान में पीएमएसएसवाई के चरण-III के तहत निम्न परियोजनाएं (परियोजना लागतः प्रत्येक के लिए 150 करोड़ रु.) आरम्भ की गयी।

i. राष्ट्रीय मेडिकल कॉलेज, कोटा में 292 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

ii. सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज, बीकानेर में 230 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

iii. रविन्द्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज, उदयपुर में 264 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

- माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार तथा मध्य प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री द्वारा 28.08.2020 को पीएमएसएसवाई के चरण-IV के तहत महात्मा गाँधी मैमोरियल मेडिकल कॉलेज, इंदौर, मध्य प्रदेश में 419 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की परियोजना का शुभारम्भ किया गया।
- माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार तथा कर्नाटक के माननीय मुख्य मंत्री ने दिनांक 31.08.2020 को पीएमएसएसवाई के चरण-III के तहत विजयनगर आयुर्विज्ञान संस्था, बेल्लारी (कर्नाटक) में 200 बिस्तरों वाले सुपरस्पेशियलिटी ट्रामा केन्द्र की परियोजना (परियोजना लागतः 150 करोड़ रु.) का शुभारम्भ किया गया।

8. **विविधः**

- सक्रिय मामलों की जाँच तथा नियमित निगरानी हेतु नई नीति बनाई गई तथा सभी राज्यों तथा संघ शासित राज्यो हेतु वर्चुअल कान्फ्रेंस के माध्यम से कुष्ठ रोग के सक्रिय मामलों की जाँचे तथा नियमित निगरानी हेतु परिचालनात्मक मार्गदर्शन हेतु जागरुकता कार्यशाला आयोजित की गई।

******